ABHI ABHI

हिमाचल अभी अभी

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

आर्थिक मोर्चे पर मुश्किलें

-पढ़ें पेज 3

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 10 अंक 12 कांगड़ा। शनिवार, 20 जुलाई-26 जुलाई, 2024 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 05 श्रावण, विक्रमी संवत् 2081 कुल पृष्ठ 12 मूल्य ₹5 | Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

श्री बालाजी हॉस्पिटल कांगड़ा में कैंसर सर्जरी की सुविधा

● राहुल कुमार/कांगड़ा

कांगड़ा स्थित मल्टी स्पेशिएलिटी श्री बालाजी हॉस्पिटल में कैंसर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करवा दी गई है। इस बात की जानकारी देते हुए हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल के किसी निजी संस्थान में पहली बार इस तरह की सर्जरी की सुविधा मुहैया करवाई गई है। अब कैंसर सर्जरी के लिए बाहरी राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

❖ कैंसर सर्जरी के लिए नहीं करना पड़ो बाहरी राज्यों का रुख : डॉ. राजेश

कैंसर सर्जरी के लिए डॉ. विजय बतौर सर्जन श्री बालाजी हॉस्पिटल से जुड़े हैं। जो कैंसर से जुड़ी सभी प्रकार की सर्जरी के लिए अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे। डॉ. विजय ने कहा कि बालाजी हॉस्पिटल में पैट स्कैन जैसी कई सुविधाएं मौजूद है जिससे कैंसर जैसी बीमारी का पता लगाया जा सकता है इतना ही नहीं अस्पताल में कीमोथेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध है।

YouTube देखें वीडियो